हरियाणा लोक सेवा आयोग एचसीएस एंड एलायड सर्विस के 94 पदों के लिए मांगेगा आवेदन

- **एचसीएस के 9, डीएसपी के 6, एईटीओ के 13, ए क्लास नायब तहसीलदार के 35 पद होंगे शामिल**
- **आगामी जनवरी में प्रिलिमिनरी टेस्ट होने की संभावना**

डॉ. सुरेंद्र धीमान / सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 24 नवंबर : हरियाणा लोक सेवा आयोग जल्द ही एचसीएस एंड एलायड सर्विस के 94 पदों के लिए आवेदन मांगेगा। इन पदों के लिए प्रिलिमिनरी परीक्षा आगामी जनवरी में संभव है। मुख्य सचिव कार्यालय ने काफी दिन पहले एचसीएस एंड एलायड सर्विस पदों का आग्रह पत्र भेज दिया था मगर आयोग पुराने एचसीएस पदों की भर्ती प्रक्रिया में व्यस्त था। इसलिए इन नए पदों के लिए अभी तक विज्ञापन भी जारी नहीं हुआ है। मगर अब जल्द ही विज्ञापन जारी होने वाला है। एचसीएस के कुल 9 पद हैं। इनमें जनरल/अनारक्षित कैटेगरी के 6, एससी कैटेगरी के 2 और ईडब्ल्यूएस कैटेगरी का एक जनरल कैटेगरी में ईएसएम का एक पद शामिल है। ए क्लास नायब तहसीलदार के जनरल/अनारक्षित कैटेगरी के 15, अनुसूचित जाति के 07, बीसीए के 04, बीसीबी के 03, ईडब्ल्यूएस के 04, ईएसएम के जनरल कैटेगरी का एक, एससी कैटेगरी का एक पद है। दो पद दिव्यांग कैटेगरी के लिए हैं।

दैनिक सवेरा एक्सक्लूसिव

सभी पदों की यह है जानकारी

पदनाम	जनरल	एससी	बीसीए	बीसीबी	ईडब्ल्यूएसईएसएम
एचसीएस	06	02	00	00	01 जनरल
डीएसपी	03	02	00	00	01 एससी
ईटीओ	03	01	00	00	00
डीएफएससी	01	01	00	00	00
ए तहसीलदार	01	00	02	01	00 बीसीए
एआरसीएस	00	00	01	00	01 दिव्यांग
एईटीओ	10	02	01	00	01 जनरल
बीडीपीओ	08	00	00	00	00
टीएम	01	00	01	00	01 ऑर्थो
डीएफएसओ	01	01	00	00	00
एईओ	01	02	01	01	01

सीईटी की ओएमआर शीटें 30 नवंबर के आसपास अपलोड होंगी

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने ग्रुप सी पदों के लिए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) आयोजित किया है। इसके लिए उम्मीदवार की ओएमआर शीट नहीं दी गई थी। अब एनटीए ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को जानकारी दी है कि उम्मीदवारों की ओएमआर शीट आगामी 30 नवंबर के आसपास अपलोड होंगी। उम्मीदवार एडमिट कार्ड की तर्ज पर अपनी ओएमआर शीट डाउनलोड कर सकेंगे। उसके कुछ दिनों बाद आंसर-की अपलोड होगी। पहले ओएमआर शीट और आंसर-की गत मंगलवार तक अपलोड हो जाने की जानकारी दी गई थी मगर अब इसमें देरी है।

सीईटी को पात्रता परीक्षा बनाया जाए

जिन उम्मीदवारों ने सीईटी दिया है, उनमें से काफी मांग कर रहे हैं कि सीईटी को पात्रता परीक्षा बनाया जाए। यानी जितने उम्मीदवार न्यूनतम 50 या 40 अंक लेकर पास होते हैं, उन सभी को ग्रुप सी पदों के लिए आवेदन करने का मौका दिया जाना चाहिए ताकि आयोग के स्क्रीनिंग टेस्ट में वे भी बैठ सकें। अभी तक सरकार ने तीन से पांच गुना को ही सीईटी स्कोर के अनुसार स्क्रीनिंग टेस्ट में बैठने की नीति बना रखी है। इस नीति में बदलाव की मांग कर रहे उम्मीदवार प्रदेश के जिलों में बैठकें कर रहे हैं। इसमें कुछ यू-ट्यूबर और कोचिंग सेंटरों के संचालक भी शामिल हैं। अब तक लगभग आधा दर्जन जिलों में ये उम्मीदवार एकत्र होकर संबंधित जिला प्रशासन को मांग पत्र सौंप चुके हैं। विधायकों की अनौपचारिक बैठक में भी कुछ विधायकों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से आग्रह किया था कि सीईटी को पात्रता परीक्षा माना जाए। अभी तक मुख्यमंत्री ने इस पर कोई आश्वासन नही दिया है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष भोपाल सिंह खदरी ने कहा है कि वे चाहते हैं कि सीईटी पात्रता परीक्षा होनी चाहिए ताकि सभी पास उम्मीदवारों को ग्रुप सी के पदों के लिए होने वाले स्क्रीनिंग टेस्ट में बैठने का मौका मिल सके। मगर अंतिम फैसला सरकार को करना है।

पीजीटी कंप्यूटर साइंस की योग्यता पर सवाल उठने शुरू

एचपीएससी ने पीजीटी टीचर्स के पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। इनमें पीजीटी कंप्यूटर साइंस के पद भी शामिल हैं। इस पद के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से 55 फीसदी अंकों के साथ एमएससी कंप्यूटर साइंस (रेगुलर दो साल कोर्स)/एमसीए (रेगुलर तीन साल कोर्स/बीई/बीटेक कंप्यूटर साइंस/कंप्यूटर इंजीनियरिंग/आईटी (रेगुलर कोर्स) शैक्षणिक योग्यता बताई है। इस पर पीजीटी कंप्यूटर साइंस पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों ने शैक्षणिक योग्यता पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि कंप्यूटर साइंस के लिए बीसीए स्टूडेंट के लिए एमसीए के लेटरल एंट्री कोर्स में एडमिशन होता है जो केवल दो साल का होता है मगर एचपीएससी ने साफ-साफ लिखा है कि एमसीए तीन साल की वैध होगी। उन्होंने कहा कि 2012 से बीसीए के बाद लेटरल एंट्री कोर्स में दाखिला मिलता है, उनकी एमसीए की कोई वैल्यू नहीं रहेगी। साथ ही बीए पास स्टूडेंट के लिए केवल तीन साल एमसीए वैध कर दी है। यह गलत है, जिसमें बीसीए (तीन साल) जमा एमसीए (दो साल) स्टूडेंट्स को पांच साल कंप्यूटर कोर्स के लिए एलिजिबल नहीं किया जा रहा है।